# भाषा और महर्षि विवि के बीच एमओयू

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि और महर्षि यूनिवर्सिटी शिक्षा के लिए एक साथ आए हैं। इन दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बुधवार को एमओयू हुआ। भाषा विवि



के कुलपति प्रो. एनबी सिंह और महर्षि यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. वीपी सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि इस एमओयू से दोनों संस्थाओं में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके अंतर्गत संगोष्ठी और अकादमिक बैठकों होगा। कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, वित्त नियंत्रक साजिद आज़मी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा व डॉ. नीरज शुक्ल उपस्थित रहे। (संवाद)

## न्यूज डायरी

# केजीएमयू : दीक्षांत को लेकर हुई बैठक

लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बुधवार को सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में सभी प्रमुख समितियों के गठन तथा अन्य जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा हुई। विवि का दीक्षांत समारोह 17 अगस्त को होना है। इसके लिए इस बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रण भेजा जा रहा है। हालांकि अभी तक सिर्फ एमबीबीएस कक्षाओं के रिजल्ट ही घोषित हो सके हैं। पीजी और सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों की परीक्षा ही दिसंबर में प्रस्तावित हैं। ऐसे में ये विद्यार्थी अगले साल के दीक्षांत समारोह में डिग्री और पदक ले सकेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

# भाषा और महर्षि विवि के बीच एमओयू

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि और महर्षि यूनिवर्सिटी शिक्षा के लिए एक साथ आए हैं। इन दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बुधवार को एमओयू हुआ। भाषा विवि के कुलपति प्रो. एनबी सिंह और महर्षि यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. बीपी सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि इस एमओयू से दोनों संस्थाओं में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके अंतर्गत संगोष्ठी और अकादमिक बैठकों होगा। कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, वित्त नियंत्रक साजिद आजमी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा व डॉ. नीरज शुक्ल उपस्थित रहे। (संवाद)



# भाषा वि.वि. एवं महर्षि वि.वि. के बीच एमओयू

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ और महर्षि विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू हुआ। बतादें कि एमओयू किसी भी संस्था के विकास के लिये महत्वपूर्ण आयाम होता है शैक्षणिक विकास की इसी श्रृंखला में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ और महर्षि विश्वविद्यालय लखनऊ के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुए जिसके अन्तर्गत दोनों विश्वविद्यालय शैक्षणिक, शोध, नवाचार, शैक्षणिक एक्सचेंज कार्यक्रम पारस्परिक रूप से करेंगे। एमओयू के इस अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ से माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह एमओयू दोनों ही विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे विद्यार्थियों के लिए शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कुलपति ने बताया कि इस समझौते से दोनों ही शैक्षणिक संस्थाओं में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा जिसके अन्तर्गत संगोष्ठी और अकादमिक बैठकों का आयोजन किया जायेगा। एमओयू के इस अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ से माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, वित्त अधिकारी साजिद आज़मी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा, कुलानुशासक और नोडल अधिकारी, एमओयू डॉ. नीरज शुक्ल और महर्षि विश्वविद्यालय के ओर से माननीय कुलपति प्रो. भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश का अन्तिम अवसर

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों में स्नातक, परास्नातक, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। बतादें कि सत्र 2024-25 के लिए ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में काउंसलिंग के माध्यम से विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जा रहा है। प्रवेश से सम्बन्धित प्रक्रिया अभी भी रिक्त सीटों पर जारी है। जिसके लिए अभ्यर्थी 30 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थी बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीकॉम, एमकॉम, एलएलएम, विभिन्न विषयों में डिप्लोमा, सर्टिफिकेट, सभी विषयों में बीए, एमए, बीटेक आदि की बची हुई सीटों पर भाषा विश्वविद्यालय आकर काउंसलिंग कराकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। प्रवेश और काउंसलिंग से सम्बन्धित सभी आवश्यक जानकारी भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विजिट कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश से सम्बन्धित और अधिक जानकारी भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश केन्द्र से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

# भाषा विवि एवं महर्षि विवि के बीच हुआ एमओयू

एनडीएस संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ और महर्षि विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू हुआ। बतादें कि एमओयू किसी भी संस्था के विकास के लिये महत्वपूर्ण आयाम होता है शैक्षणिक विकास की इसी श्रृंखला में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ और महर्षि विश्वविद्यालय लखनऊ के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुए जिसके अन्तर्गत दोनों विश्वविद्यालय शैक्षणिक, शोध, नवाचार, शैक्षणिक एक्सचेंज कार्यक्रम पारस्परिक रूप से करेंगे। एमओयू के इस अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ से कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह एमओयू दोनों ही विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे विद्यार्थियों के लिए शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कुलपति ने बताया कि इस समझौते से दोनों ही शैक्षणिक संस्थाओं में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा जिसके अन्तर्गत संगोष्ठी और अकादमिक बैठकों का आयोजन किया जायेगा। एमओयू के इस अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ से माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, वित्त अधिकारी साजिद आज़मी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा, कुलानुशासक और नोडल अधिकारी, एमओयू डॉ. नीरज शुक्ल और महर्षि विश्वविद्यालय के ओर से माननीय कुलपति प्रो. भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।



## भाषा विवि में होगी 5 और 12 अगस्त को प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों के अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 05/08/24 और 12/08/24 को दोपहर एक बजे से दो बजे की बीच आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा में बीटेक (सिविल, मेकेनिकल, कंप्यूटर और जैव प्रौद्योगिकी), एमटेक (सभी विषय), बीबीए, एमबीए, बीसीए और एमसीए में फॉर्म भरने वाले विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि जो अभ्यर्थी पिछली परीक्षा में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाए थे वे इस प्रवेश परीक्षा में भाग ले सकते है।

## भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश का अन्तिम अवसर

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों में स्नातक, परास्नातक, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। बतादें कि सत्र 2024-25 के लिए ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में काउंसलिंग के माध्यम से विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जा रहा है। प्रवेश से सम्बन्धित प्रक्रिया अभी भी रिक्त सीटों पर जारी है। जिसके लिए अभ्यर्थी 30 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थी बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीकॉम, एमकॉम, एलएलएम, विभिन्न विषयों में डिप्लोमा, सर्टिफिकेट, सभी विषयों में बीए, एमए, बीटेक आदि की बची हुई सीटों पर भाषा विश्वविद्यालय आकर काउंसलिंग कराकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। प्रवेश और काउंसलिंग से सम्बन्धित सभी आवश्यक जानकारी भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विजिट कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश से सम्बन्धित और अधिक जानकारी भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश केन्द्र से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

## भाषा विवि के डीफार्मा में प्रवेश का सुनहरा मौका

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में डीफार्मा में आवेदन के लिए समर्थ पोर्टल को पुनः खोल दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024-25 में डीफार्मा से संबंधित सीटों के लिए एक अगस्त से चार अगस्त के बीच समर्थ पोर्टल के माध्यम से अप्लाई किया जा सकता है। जिसकी प्रवेश परीक्षा पांच अगस्त को दोपहर एक बजे से विश्वविद्यालय परिसर में होगी। साथ ही JEECUP के द्वारा आने वाले अभ्यर्थी भी भाषा विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं।

दैनिक भास्कर
epaper.dainikbhaskarup.com
02 Aug 2024 - DB Lucknow 02 Aug 202416

# भाषा विव व महर्षि विवि के बीच हुआ एमओयू

बीकेटी लखनऊ। राजधानी के भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ और महर्षि विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू हुआ। एमओयू किसी भी संस्था के विकास के लिये महत्वपूर्ण आयाम होता है शैक्षणिक विकास की इसी श्रृंखला में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ और महर्षि विश्वविद्यालय लखनऊ के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुए जिसके अन्तर्गत दोनो विश्वविद्यालय शैक्षणिक, शोध, नवाचार, शैक्षणिक एक्सचेंज कार्यक्रम पारस्परिक रूप से करेंगे। एमओयू के इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ से कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह एमओयू दोनो ही विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे विद्यार्थियो के लिए शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कुलपति ने बताया कि इस समझौते से दोनों ही शैक्षणिक संस्थाओं मे शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा जिसके अन्तर्गत संगोष्ठी और अकादमिक बैठको का आयोजन किया जायेगा।एमओयू के इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ से कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, वित्त अधिकारी साजिद आजमी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा, कुलानुशासक और नोडल अधिकारी, एमओयू डॉ. नीरज शुक्ल और महर्षि विश्वविद्यालय के ओर से कुलपति प्रो. भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# भाषा विश्वविद्यालय में हुआ संकायाध्यक्षों का फेरबदल

सिटीज़न वॉयस, संवाददाता

**लखनऊ।** ख़ूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न संकाय प्रमुखों का नवीनीकरण फेरबदल हुए। जैसा कि विदित है प्रत्येक तीन वर्ष के कार्यकाल के बाद सभी संकाय प्रमुखों के नवीनीकरण और फेरबदल किए जाते हैं। इसी क्रम में ख़ूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में कार्य परिषद् की 33वीं बैठक में माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह के अनुमोदन से प्रो. फकरे आलम, आचार्य-ऊर्दू विभाग को कला एवं मानविकी संकाय, डॉ. तथहीर फातिमा, सह आचार्य, गृह विज्ञान विभाग को विज्ञान संकाय, प्रो. चन्दना डे, आचार्य, शिक्षाशास्त्र विभाग को सामाजिक विज्ञान संकाय, प्रो. सैय्यद हैदर अली, आचार्य, व्यवसाय प्रशासन को वाणिज्य संकाय का संकाय अध्यक्ष नामित किया गया है। सभी संकाय प्रमुखों का कार्यकाल तीन वर्ष रहेगा।

हिन्दुस्तान

लखनऊ
मंगलवार
6 अगस्त 2024



# भाषा विश्वविद्यालय में 40 ने दी प्रवेश परीक्षा



भाषा विश्वविद्यालय में बीटेक, एमबीए, डीफार्मा, बीबीए समेत अन्य कोर्स के लिए सोमवार को प्रवेश परीक्षा में 40 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि 31 जुलाई तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। दोपहर एक दो बजे की पाली में परीक्षा हुई। जानकारी के अनुसार बता दें कि परीक्षा का शाम को परिणाम भी जारी कर दिया गया। अब 12 अगस्त को प्रवेश परीक्षा परीक्षा प्रस्तावित है। अधिक जानकारी के लिए छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट देख सकते हैं।

दैनिक भास्कर
epaper.dainikbhaskarup.com
11 Aug 2024 - DB Lucknow 11 Aug 202416

# भाषा विवि में काकोरी गाथा को किया याद

बीकेटी लखनऊ। राजधानी के भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाषा विश्वविद्यालय में काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र बहादुर सिंह के निर्देशन राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 2 के द्वारा काकोरी गाथा आजादी की ओर एक कदम विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। चर्चा को संबोधित करते हुए सामाजिक विज्ञान संकाय की अध्यक्ष प्रो. चन्दना डे ने सभी विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों से कहा कि हमे अपने सेनानियों के जीवन चरित से सीखने की आवश्यकता है। वहीं परिचर्चा के दूसरे सत्र को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम चौधरी ने सम्बोधित किया। डॉ. चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान हुए हमारे महापुरुष हमारे आदर्श हैं। हमें अपने देश और संविधान के प्रति वफादार रहना चाहिए। चौधरी ने काकोरी घटना से सभी विद्यार्थिओं को अवगत कराया। काकोरी गाथा के इस सत्र में विद्यार्थियों ने भी परिचर्चा में प्रतिभाग किया। इस परिचर्चा में डीन प्रोफेसर चन्दना डे, इंचार्ज डॉ पूनम चौधरी डॉ लक्ष्मण सिंह डॉ मनीष और डॉ राजकुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रूपा श्रीवास्तव रिसर्च स्कॉलर ने किया।

# लखनऊ में फिल्म, थिएटर के साथ ही एडिटिंग की भी पढ़ाई

## बीबीएयू और भाषा विवि में शुरू हुए नए कोर्स युवाओं को कर रहे आकर्षित

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। विद्यार्थियों को अब फिल्म, थिएटर और एडिटिंग की पढ़ाई के लिए लखनऊ से बाहर जाने की जरूरत नहीं है। लखनऊ में ही अब इन विधाओं के पाठ्यक्रम शुरू हो गए हैं। इनमें दाखिला लेकर विद्यार्थी न सिर्फ फिल्म, थिएटर और एडिटिंग का व्यावहारिक ज्ञान पा सकते हैं बल्कि औपचारिक डिग्री भी हासिल कर सकते हैं।

फिल्म, नाटक और थिएटर हमेशा से युवाओं को आकर्षित करते रहे हैं। मनोरंजन की दुनिया में जगह बनाने के लिए युवा अधूरी तैयारी के सहारे मायानगरी का रुख करते हैं। ऐसे में ये कोर्स युवाओं के लिए एक मजबूत आधार का काम करेंगे।

### फिल्म और थिएटर पर पहली बार औपचारिक कोर्स

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. गोविंद जी पांडेय ने बताया कि स्नातक स्तर पर फिल्म,



थिएटर और मीडिया कोर्स शुरू किया गया है। सीयूईटी के माध्यम से दाखिले होने हैं। विवि की वेबसाइट पर इसका पंजीकरण शुरू हो गया है। इसमें 12वीं के बाद दाखिला लिया जा सकता है। बैचलर ऑफ आर्ट्स इन फिल्म, थिएटर एंड मीडिया कोर्स में फिल्म मेजर विषय के रूप में होगा तो वहीं थिएटर और मीडिया को माइनर विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा। यह पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति के हिसाब से तैयार किया गया है। प्रो. पांडेय के मुताबिक, प्रदेश में प्रस्तावित फिल्म सिटी से रोजगार के मौके बढ़ने हैं। इस कोर्स से युवाओं को बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

## भाषा विश्वविद्यालय में एक करोड़ की लागत से तैयार हुआ स्टूडियो



भाषा विश्वविद्यालय का आधुनिक स्टूडियो। -संवाद

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में संचालित एमए और बीए जर्नलिज्म पाठ्यक्रम में ऑडियो-वीडियो एडिटिंग और एंकरिंग के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। आमतौर पर सभी संस्थानों के सिलेबस में ये शामिल है, लेकिन यहां पर एक करोड़ से अधिक की लागत से तैयार आधुनिकतम स्टूडियो है। दावा है कि इस स्तर की लैब राजधानी के किसी सरकारी या गैर-सरकारी मीडिया संस्थान में नहीं है।

विवि की प्रवक्ता और विभाग की समन्वयक डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि विभाग के स्टूडियो में ऑडियो, वीडियो एडिटिंग के आधुनिकतम सॉफ्टवेयर की व्यवस्था है। स्टूडियो में इसके लिए अलग-अलग सेक्शन हैं। एंकरिंग के लिए भी अलग रूम है जहां पर क्रोमा आदि की व्यवस्था है। विभाग में पढ़ने वाले एमए और बीए के स्टूडेंट पत्रकारिता के साथ ही एडिटिंग के क्षेत्र में भी अपना कॅरिअर बना सकते हैं। भाषा विश्वविद्यालय में इनके लिए सामान्य एमए और बीए की फीस ली जा रही है।

# भाषा विश्वविद्यालय में हुए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**लखनऊ (धारा न्यूज)।** स्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। वही डॉ. मजहर खालिक, विषय प्रभारी, ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया और कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में व्यावसायिकता, की टीम ने नैतिकता के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर डॉ. मजहर खालिक, डॉ. रजा अब्बास हैदरी, सहायक आचार्य, डॉ. रजा अब्बास हैदरी सुश्री शगुफ्ता खान, सहायक आचार्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

# भाषा विविः सर्वोच्च पदक जबीउल्लाह को

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का सत्र 2023-24 का दीक्षांत समारोह नौ सितम्बर को प्रस्तावित है। समारोह की तैयारियां तेजी से जारी है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय ने प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी कर दी है।

सर्वोच्च ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती गोल्ड मेडल अरेबिक विभाग के बैचलर ऑफ आर्ट्स (आनर्स) के छात्र मोहम्मद जबीउल्लाह को मिलेगा। वहीं चांसलर गोल्ड मेडल बीसीए छात्र शुभम कुमार एवं बीटेक छात्र अतुल यादव को वाइस चांसलर पदक दिया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक डा. भावना मिश्रा ने बताया प्रोविजनल मेडल सूची से यदि छात्र-छात्रा को कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति साक्ष्यों के साथ लिखित 16 अगस्त तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय व ईमेल के माध्यम से दर्ज करवा सकता है।

# 16 से 20 तक प्रवेश परीक्षा होगी

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए 10 अगस्त तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा 16 से 20 अगस्त तक होगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम ने बताया कि बीटेक, एमटेक, बीसीए, बीबीए, एमबीए, डीफार्मा में प्रवेश परीक्षा दोपहर एक से दो तक होगी।

# भाषा विश्वविद्यालय में हुआ एंटी रैगिंग सप्ताह का शुभारम्भ



**एनडीएस संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो एन. बी. सिंह के निर्देशानुसार एंटी रैगिंग कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विधि संकाय के प्रो. पीयूष द्विवेदी जी रहे जिन्होंने अपने वक्तव्य में रैगिंग से जुड़ी कानूनी पहलुओं पर उपलब्ध छात्रों के समक्ष चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल द्वारा रैगिंग के बारे में बताते हुए कहा कि सीनियर छात्र छात्राओं द्वार जूनियर छात्र छात्राओं के साथ सामान्य व्यवहार से अलग असामान्य व्यवहार जिससे उनको शारीरिक एवम मानसिक परेशानी हो वो सब चीज रैगिंग के अंतर्गत आती हैं। रैगिंग कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पुराछात्र साफिर रूमी और लुबना हाशमी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे वाणिज्य विभाग के सहा. आचार्य डॉ. मनीष कुमार ने छात्रों से कहा कि विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग सेल भी कार्य कर रहा हैं, अगर किसी छात्र छात्रा को कोई परेशानी होती है तो वह विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग सेल एवम प्रोटोरियल बोर्ड में अपनी समस्या बता सकते है। धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग के सहा. आचार्य आफरीन फातिमा ने किया।

# ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में मंडाला प्रतियोगिता आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के निर्देशन में मंडाला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन समिति के निर्णायक मंडल, जिसमें वाणिज्य विभाग की डॉ. जैबुन निसा और वाणिज्य संकाय के डीन प्रो. हैदर अली शामिल थे, द्वारा किया गया।

निर्णायक मंडल ने अनामिका भटनागर (बी.बी.ए.) को प्रथम स्थान, सलमा परवीन (एम.बी.ए.) को द्वितीय स्थान, और रिंकी रावत (बी.कॉम) को तृतीय स्थान प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. दुआ नकवी, इंचार्ज कल्चरल क्लब, ने किया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के छात्र दीपांशु गुप्ता, ईशा और नमरा रफत का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के दिशा निर्देश पर माननीय कुलपति प्रो.नरेन्द्र बहादुर सिंह के निर्देशन में चल रहे एंटी रैगिंग जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आज सलोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 37 छात्र छात्राओं ने पंजीकरण कराया जिसमे से 30 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का निर्णय 3 सदस्यीय समिति के निर्णायक मंडल मद्वारा किया गया।

निर्णायक मंडल में डॉ. जैबुन निसा वाणिज्य विभाग, डॉ.कौशलेश कुमार शाह सिविल इंजीनियरिंग विभाग और शिवम चतुर्वेदी वाणिज्य विभाग रहे। प्रतियोगिता में निशा बी.कॉम.तृतीय सेमेस्टर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, वाणिज्य विभाग के सक्षम सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# भाषा विवि में मना स्वतंत्रता दिवस



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में 78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण के कार्यक्रम का अयोजन किया गया। 78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने में तिरंगा झंडे को फहराकर राष्ट को याद किया।

कुलपति ने स्वतन्त्रता के अवसर पर सभी शिक्षकों, अधिकारियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को राष्ट्र के युवाओं को नशामुक्ति प्रण की शपथ दिलाकर कार्यक्रम को आरंभ किया। कुलपति ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आगामी वर्षों में विश्वविद्यालय को नई उंचाई पर ले जाना है। जिसमें विवि को नैक करा कर विवि को स्थापित करना है। प्रो. सिंह ने कहा कि सभी को विश्विद्यालय की प्रगति के बारे में न केवल सोचना चाहिए। बल्कि अपनी क्षमतारूप से योगदान भी देना चाहिए। कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वंतत्रता दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की ये आज़ादी हमारे पूर्वजों के अतुलनीय बलिदाओं का परिणाम है। आज जो स्वतंत्र भारत का रूप जो हम देख रहें है वो हमारे स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के संघर्षों का ही परिणाम है। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत और वंदे मातरम के माध्यम से सांस्कृतिक गायन प्रस्तुत किए गए। वहीं एनसीसी के कैडेट और विश्वविद्यालय के गार्डों द्वारा तिरंगे ध्वज को सलामी देकर राष्ट्र को नमन किया गया। कार्यक्रम में अंत में कुलपति ने विवि परिसर में वृक्षारोपण करके पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, वित्त अधिकारी साजिद आज़मी, अधिष्ठाता अकादमिक, प्रो. सौबान सईद, उपकुलसचिव दीप्ति मिश्रा, कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला, लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा, डॉ. लक्ष्मण सिंह सहित सभी संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागों के अध्यक्ष, विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी, कैडेट सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नलिनी मिश्रा ने किया।

# भाषा विश्वविद्यालय में हुआ एंटी रैगिंग जागरूकता सप्ताह का समापन

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के तहत और माननीय कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के निर्देशन में चल रहे एंटी रैगिंग जागरूकता सप्ताह का आज ÷समापन समारोह÷ आयोजित किया गया। इस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें 150 से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया था। आयोजन के दौरान स्लोगन लेखन, निबंध लेखन, पोस्टर, और लोगो डिज़ाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. जैबुन निसा , डॉ. कौशलेश कुमार शाह डॉ.स्वेता अग्रवाल डॉ. दोआ नकवी डॉ सायमा अलीम,और शिवम चतुर्वेदी शामिल थे।



**प्रतियोगिता परिणाम:**

- स्लोगन लेखन प्रतियोगिताः
- प्रथम स्थानः निशा, बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर
- द्वितीय स्थानः सक्षम सिंह
- तृतीय स्थानः मशियत फातिमा

**- पोस्टर प्रतियोगिता:**

- प्रथम स्थानः नूर फातिमा
- द्वितीय स्थानः तनु सिंह और अदीबा
- तृतीय स्थानः परियांशु सिंह और मुबाशशीरा काजिम

**- लोगो डिज़ाइन प्रतियोगिता:**

- प्रथम स्थानः रीदा जावेद
- द्वितीय स्थानः तहरीम सबा
- तृतीय स्थानः अदीबा और मो. नदीम

**- निबंध लेखन प्रतियोगिता:**

- प्रथम स्थानः इकरा अली
- द्वितीय स्थानः ..........
- तृतीय स्थानः जैनब

कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक प्रो. सौबान सईद, कार्यक्रम समन्यवक डॉ. नीरज शुक्ल, सह-समन्यवक डॉ. मनीष कुमार , डॉ. श्वेता अग्रवाल , डॉ. कौशलेश कुमार शाह और डॉ. शान - ऐ- फातिमा रहे। आयोजन में विशेष सहयोग दीपांशु गुप्ता, ईशा, महजबी और नमरा रफत का सराहनीय रहा।

लखनऊ, 29 अगस्त, 2024 दैनिक जागरण

# भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए नौ तक पोर्टल खुला

**जागरण संवाददाता • लखनऊ** : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सभी विषयों में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल को फिर से खोल दिया गया है। सत्र 2024-25 के लिए, बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीकाम, एमकाम, सभी विषयों में स्नातक, सभी विषयों में परास्नातक, एलएलएम, सभी डिप्लोमा, सभी सर्टिफिकेट कोर्स, बीजेएमसी, एमजेएमसी तथा सभी बीटेक और बीएससी, एलएलबी, बीएएलएलबी (ईडब्ल्यूएस) सहित सभी विषयों में बची हुई सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया नौ सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी अपने योग्यता के अनुसार आवेदन कर प्रवेश ले सकते हैं। सीयूईटी में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी भी समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित और अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर जा सकते हैं।

**प्रोफेशनल और बीटेक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीन और 10 सितंबर को प्रवेश परीक्षा**

उधर, एमबीए, एमटेक, बीसीए, बीबीए, बीफार्मा, डीफार्मा, एमसीए और बीटेक (सिविल, इलेक्ट्रिकल, मेकेनिकल, जैव प्रौद्योगिकी और आटोमेशन और रोबोटिक्स इंजीनियरिंग) में प्रवेश के लिए तीन और 10 सितंबर को लिखित परीक्षा होगी। दोपहर एक बजे से दो बजे के बीच परीक्षा होगी। पिछले प्रवेश में छूटे अभ्यर्थी भी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।